## नियम 106 : अग्रिम विनिर्णय अपील प्राधिकरण को अपील का प्ररूप और रीति

**(1)** आवेदक द्वारा, धारा 98 की उपधारा (6) के अधीन जारी अग्रिम विनिर्णय के विरूद्ध कोई अपील सामान्य पोर्टल पर **प्ररूप जीएसटी एआरए–2** में की जाएगी और उसके साथ दस हजार रूपए की फीस संलग्न होगी जो धारा 49 में विनिर्दिष्ट रीति में जमा की जाएगी।

**(2)** धारा 98 की उपधारा (6) के अधीन जारी अग्रिम विनिर्णय के विरूद्ध अपील सामान्य पोर्टल पर **प्ररूप जीएसटी एआरए–3** में धारा 100 में निर्दिष्ट संबंधित अधिकारी या अधिकारिता अधिकारी को की जाएगी और अपील फाइल करने के लिए उक्त अधिकारी द्वारा कोई फीस संदेय नहीं होगी।

**(3)** उपनियम (1) या उपनियम (2) में निर्दिष्ट अपील, उसमें अंतर्विष्ट सत्यापन और ऐसी अपील के साथ संलग्न सभी सुसंगत दस्तावेजों को,–

**(क)** संबंधित अधिकारी या अधिकारिता वाले अधिकारी की दशा में, ऐसे अधिकारी द्वारा लिखित में प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा; और

**(ख)** किसी आवेदक की दशा में, नियम 26 में विनिर्दिष्ट रीति से,

हस्ताक्षरित होंगे।